**भारत सरकार**

**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**

**27.11.2019 के**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1521 का उत्तर**

**मानव रहित रेल समपारों को समाप्त करना**

**1521. श्री बी. एन. बचेगौडाः**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क) क्या देश में मानव रहित सभी रेल समपारों (यूएलसी) को समाप्त कर दिया गया है;**

**(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और**

**(ग) बंद किए गए ऐसे मानव रहित रेल समपारों के स्थान पर अन्य क्या वैकल्पिक स्मार्ट तरीके आरंभ किए गए हैं?**

**उत्तर**

**रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)**

**(क) और (ख): 31 जनवरी, 2019 तक बड़ी आमान पर सभी बिना चौकीदार वाले समपारों (यूएमएलसी) को समाप्त कर दिया गया है। मीटर आमान (348 अदद) और छोटी आमान (700 अदद) पर यूएमएलसी को आमान परिवर्तन के दौरान समाप्त कर दिया जाएगा।**

**(ग): यूएमएलसी को समाप्त करने के लिए निम्नलिखित विकल्पों को अपनाया गया था:-**

- **बंद करना- शून्य/नगण्य गाडी वाहन ईकाई (टीवीयू) वाले बिना चौकीदार वाले समपारों को बंद करना।**
- **विलय- डायवर्जन रोड का निर्माण करके बिना चौकीदार वाले समपारों का नजदीकी चौकीदार वाले अथवा बिना चौकीदार वाले समपारों अथवा सबवे/निचले सड़क पुलों/ऊपरी सड़क पुल से विलय।**
- **सबवे/निचले सड़क पुलों का प्रावधान।**
- **चौकीदार तैनात करना- बिना चौकीदार वाले समपारों पर चौकीदार तैनात करना, जिन्हें उपरोक्त साधनों द्वारा समाप्त नहीं किया जा सकता।**

******